# पहली बारिश नहीं झेल पाई करोड़ों की लागत से बनी टेटका-रीवा रोड

**शहडोल, देशबन्धु।** लंबे इंतजार के बाद जब करोड़ों रुपए की लागत से टेटका-रीवा रोड का निर्माण कराया गया तो लोगों को उम्मीद थी की यह सड़क लोगों के लिए आरामदायक होगी। लेकिन लगभग दो माह पूर्व पूरी हुई यह नई-नवेली सड़क पहली बारिश नहीं झेल पाई और इस सड़क में दरार आ गई। मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरडीसी) द्वारा ठेका से इस सड़क का निर्माण कराया गया है।

सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह पटेल ने जब एमपीआरडीसी के अधिकारियों से शिकायत की तो विभाग के अधिकारी नींद से जागे और आनन-फानन दरार में मुरम डलवा दी।

टेटका से रीवा के लिए निर्माण कराई गई इस सड़क के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के कुछ दिनों बाद हुई बारिश का पानी ये सड़क नहीं झेल पाई और जौरा के पास इसमें बड़ा दरार आ गया। इतना ही नहीं कई जगह सड़क के किनारे मिट्टी दबती जा रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका बलवती हो रही है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है, कि पुलिया ऐसी बेतरतीब तरीके से बनाई गई है, कि इसमें जर्क लगता है और पुलिया में वाहन कूदने लग जाते हैं। ब्यौहारी के अनेकों लोगों ने बताया कि यहां जो नाली बनाई गई है वह ऊंची-नीची है, जिससे सड़क में कई जगह पानी भर रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली ऑफिस के पहले चुंगी नाका के पास और न्यू बरौंधा तिराहा में नाली का पूरा पानी सड़क में भर रहा है। लोगों ने बताया कि खामडांड़ में नाली आधी-अधूरी छोड़ दी गई है।



## दो वाहन निकलना मुश्किल : पुष्पेंद्र पटेल

वार्ड क्रमांक 3 के जिला पंचायत सदस्य और जिला योजना समिति के सदस्य पुष्पेंद्र सिंह पटेल ने इस सड़क के संबंध में कहा कि सड़क में आई दरार और अन्य स्थान को देखकर ऐसा लग रह इस सड़क को जल्दी बाजी में बनाया गया है।



श्री पटेल ने बताया कि बिजहा और वन विहार के आगे सहित चार-पांच पॉइंट ऐसे हैं जहां सड़क पूरी तरह से सकरी है, जिसके चलते वहां एक वाहन ही निकल सकता है। जिला पंचायत सदस्य श्री पटेल ने मांग की है, की सकरे स्थान पर सड़क को चौड़ा किया जाए, ताकि वहां से एक बार में कम से कम दो वाहन निकल सकें। श्री पटेल ने यह भी कहा कि जिस तरह से पुलिया में चिपरा लगाया गया है, उसको देखकर ऐसा लग रहा है की सड़क भ्रष्टाचार में डूबी है।

## भ्रष्टाचार की परतें खुलने लगी : कैलाश तिवारी

रीवा-शहडोल मार्ग में बड़ी-बड़ी दरारें दिखने के मामले में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश तिवारी ने कहा है कि इस प्रकार की निर्माण से स्पष्ट हो रहा है कि किस ढंग से विकास के काम किए जा रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली इस रोड का यह हाल अभी से होना शुरू हो गया है तो आगे क्या होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। रोड को भले ही मेंटेनेंस कर ठीक कर दिया जाए लेकिन वह मजबूती नहीं आती है।



कैलाश तिवारी ने कहा है कि घटिया निर्माण के संबंध में कोई कार्रवाई न होने के कारण निर्माण एजेंसी मिलजुल कर इस प्रकार की काम को अंजाम दे रही है। उन्होंने कहा है कि यह मामला कुछ दिनों में ठंडा हो जाएगा और किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी, चाहे इसमें किसी की जान जाए और चाहे दुर्घटनाएं हों।

## सार-समाचार



### कोलमीछोट में अवैध बीज भंडार को किया जब्त, मामला दर्ज

**शहडोल, देशबन्धु।** किसानों को गुणवत्ता युक्त रासायनिक उर्वरक, बीज तथा कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए विक्रय करने वाले दुकानों का औचक निरीक्षण करने तथा कार्यवाही करने के निर्देश कृषि विभाग के अमले को दिये गये हैं। उप संचालक कृषि आरपी झारिया ने जानकारी दी है कि शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम कोलमीछोट का कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किराना व्यवसाय तीरथ प्रसाद शुक्ला के दुकान एवं गोदाम में बिना लाइसेंस के अवैध बीज भंडारण पाए जाने पर जब्त एवं सुपुर्द की कार्यवाही बीज अधिनियम के तहत की गई। इस अवसर सहायक संचालक कृषि रमेन्द्र कुमार सिंह, कृषि विकास अधिकारी रेखा अहिरवार, शिशुपाल सिंह राजपूत, नायब तहसीलदार शिवकुमार सिंह और उप निरीक्षक मृगेंद्र सिंह मरावी उपस्थित रहें।

### चिमटा मोड़ पर चोरी की वारदात, डेढ़ लाख की नगदी और जेवरात पार

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के थाना इंदवार अंतर्गत अमरपुर चौकी के ग्राम कोटरी स्थित चिमटा मोड़ निवासी धर्मेंद्र सूर्यवंशी पिता स्व. मवासी प्रसाद चौधरी के घर बीती शनिवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि चोरों ने घर की अलमारी तोड़कर लगभग डेढ़ लाख रुपये की मशरुका नगदी व कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि चोरी की वारदात के वक्त पीड़ित का पूरा परिवार घर में ही मौजूद था, बावजूद इसके चोर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इस घटना के बाद परिवार के सदस्य डरे और सहमे हुए हैं। धर्मेंद्र सूर्यवंशी के अनुसार चोर पिछवाड़े से घर में दाखिल हुए और अंदर घुसते ही सीधा अलमारी को निशाना बनाया। गौरतलब है कि क्षेत्र में इस तरह की यह कोई पहली वारदात नहीं है। कुछ ही दिन पूर्व स्थानीय निवासी रामकिशोर साहू के घर भी चोरी हुई थी, जबकि करीब छह माह पहले परसादी चौधरी के घर भी चोरों ने धावा बोला था। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और क्षेत्र में पुलिस गश्त और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पुलिया की मरम्मत के बाद आवागमन शुरू-नई पुलिया की मंजूरी मिली

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के जनपद पंचायत करकेली के ग्राम छुहाई में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी पुलिया बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुलिया के बीच में बड़ा गड्ढा हो जाने से आवागमन पूरी तरह रुक गया था।

### उमरिया के बीटीआर में बाघ ने किया शिकार,बजरंग टाइगर का मवेशी को घसीटते हुए वीडियो सामने आया

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला जोन में शुक्रवार को पर्यटकों ने 6 वर्षीय बाघ बजरंग को अपने शिकार किए हुए मवेशी को जंगल की जाली से खींचकर ले जाते देखा।

### उमरिया में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकली

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में शुक्रवार शाम को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा मां विरासती मंदिर स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर से प्रारंभ हुई। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मौसी के घर तक पहुंची।

### नेत्र शिविर में 62 मरीजों की जांच

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय शासकीय चिकित्सालय में शनिवार को राष्ट्रीय नेत्र निवारण समिति के तत्वधान में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण उत्तम सिंह पटेल नेत्र चिकित्सा सहायक द्वारा किया गया। मेडिकल परीक्षण डॉक्टर उपेंद्र वस्त्रकर प्रभारी अधीक्षक ने किया इस शिविर में 62 नेत्र रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नेत्र जांच की गई।

## तालाब में मछली पकड़ने गए तीन बच्चे डूबे, एक की मौत, दो को बचाया

**सिंगरौली, देशबन्धु।** जिले के जयंत क्षेत्र में बारिश के मौसम में तालाब में मछली पकड़ने गए तीन बच्चे शुक्रवार को पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों ने दो बच्चों को समय रहते बाहर निकाल लिया, लेकिन एक की डूबने से मौत हो गई।

यह दुखद हादसा जयंत चौकी अंतर्गत जैतपुर श्मशान घाट के पास स्थित एक नाले में हुई। जैतपुर निवासी तीन बच्चे रवि साकेत (पिता राजेंद्र साकेत), रोहित साकेत (पिता सुरेंद्र साकेत) और अंशु साकेत (पिता बृजेंद्र साकेत) मछली पकड़ने के दौरान पानी के तेज बहाव में नाले में गिर गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए रवि और रोहित साकेत को बाहर निकाल लिया, लेकिन अंशु पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही जयंत चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अंशु की तलाश शुरू की।



सर्च ऑपरेशन में जेसीबी मशीन से झाड़ियों की सफाई की गई और पुलिस बल, एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय लोगों की मदद से तालाब में तलाशी अभियान चलाया गया। लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद शाम करीब 4 बजे अंशु का शव बरामद किया गया। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सात वर्षीय मासूम अंशु की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मास्टर ट्रेनर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज

**पन्ना, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में समस्त बीएलओ को राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा स्तर पर आगामी 3 से 13 जुलाई तक आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इस क्रम में गत 21 जून को राज्य स्तर पर प्रशासन अकादमी भोपाल में राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। भोपाल में शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना के सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद चैरसिया द्वारा राज्य स्तरीय एवं डॉ. बी.एन. जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया था।

## शान उल्ला खान ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के समाजसेवी व सामाजिक क्षेत्र में वर्षो से कार्य करने वाले शान उल्ला खान को ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



उनकी यह नियुक्ति ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के राष्ट्रीय संरक्षक समसुल हसन, राष्ट्रीय अध्यक्ष दानिश खान, प्रदेश अध्यक्ष तनवीर कुरेशी व राष्ट्रीय सचिव राशिद खान की अनुशंसा पर की गई है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शान उल्ला ने बताया कि वह अति शीघ्र पूरे जिले में कमेटी गठित गठित करेंगे। उन्होंने बताया कि कमेटी का मुख्य उद्देश्य है कि सभी जाति धर्म के सम्मान करते हुए समय-समय पर होने वाले त्यौहार, उत्सव पर ऑल इंडिया त्योहार कमेटी त्योहारों को शानदार तरीके से मनाने के लिए आम लोगों को प्रेरित करेगी।

नियम अनुसार और त्योहारों के मौके पर होने वाले प्रोग्राम का विशेष तौर पर ख्याल रखा जाएगा। समय-समय पर शासन की गाइड लाइन के अनुसार त्योहारों के प्रोग्राम को विशेष सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## कराटे में श्रीलंका रेफरी परीक्षा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे प्रमोद

**उमरिया, देशबन्धु।** छोटे शहरों से निकली बड़ी उड़ानों की कहानियां न केवल प्रेरणा देती हैं, बल्कि यह भी साबित करती हैं कि यदि सपना बड़ा हो और हौसला मजबूत, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। ऐसी ही एक कहानी है बिरसिंहपुर पाली के प्रमोद विश्वकर्मा की, जिन्होंने कराते को सिर्फ खेल नहीं, बल्कि अपना जुनून और जीवन का उद्देश्य बना लिया। प्रमोद विश्वकर्मा का नाम आज भले ही खेल जगत में जाना-पहचाना हो, लेकिन उनकी शुरुआत बहुत ही साधारण थी। एक सामान्य परिवार में जन्मे प्रमोद के पास न तो सुविधाएं थीं, न ही संसाधन। अभ्यास के लिए मैट तक उपलब्ध नहीं था तो उन्होंने जमीन को ही अपना अखाड़ा बना लिया। तमाम मुश्किलों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी, बल्कि इन परिस्थितियों को अपनी ताकत बना लिया।

पिछले 15 वर्षों में प्रमोद ने न सिर्फ अपनी प्रतिभा को निखारा, बल्कि कराते को एक मिशन की तरह अपनाते हुए अब तक 4000 से अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया है। खास बात यह है कि उनके सिखाए खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50 से ज्यादा पदक हासिल किए हैं, जो पूरे जिले और राज्य के लिए गर्व की बात है।

प्रमोद स्वयं भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने मलेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर देश का परचम लहराया था। अब श्रीलंका में होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराते रेफरी/जज परीक्षा में प्रमोद भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। यह न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

प्रमोद की यह उपलब्धि दर्शाती है कि असली प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास से ही इतिहास लिखा जाता है। उमरिया जैसे छोटे जिले से निकलकर प्रमोद ने जो मुकाम हासिल किया है, वह आज जिले के हर युवा के लिए एक प्रेरणा है। अब उमरिया केवल नक्शे पर नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पदकों और मंचों पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

## ग्राम तिदुनी में जल निगम और ग्राम जल स्वच्छता समिति के मध्य हुआ अनुबंध

**पन्ना, देशबन्धु।** शाहनगर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम तिदुनी में ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जल निगम और ग्राम जल स्वच्छता समिति के बीच ओवरहेड टैंकवार संचालन के लिए जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी की उपस्थिति में अनुबंध निष्पादित किया गया है। प्रबंध संचालक म.प्र. जल निगम भोपाल के निर्देशों के अनुरूप यह महत्वपूर्ण अनुबंध संपन्न किया गया। जिसके तहत जल निगम द्वारा तकनीकी दिशा-निर्देशों के अनुसार ओवरहेड टैंक का निर्माण एवं पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने का कार्य किया जा चुका है एवं ग्राम जल स्वच्छता समिति को इसके संचालन, निगरानी एवं रखरखाव का उत्तरदायित्व सौंपा गया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की ट्रैक्टर की ठोकर लगने से मौत हो गई।ॅ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार के ग्राम पंचायत पसगड़ी के मजुरहा से शनिवार 28 जून को दोपहर 1.30 बजे पसगड़ी के पूर्व सरपंच रमाकांत पांडे के रिश्तेदार हर्ष मिश्रा का ट्रैक्टर जंगल विभाग के एरिया सरवाही खुर्द से रेत खनन करने गया था, जहां पर जंगल विभाग के मुंशी द्वारा भगाया गया, भागते समय मजुरहा के पास ट्रैक्टर के ठोकर लगने से युवक की मौत हो गई। यूवक का नाम रामेश्वर सिंह पिता प्रिंस सिंह ग्राम पंचायत पसगड़ी का रहने वाला है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। घटना को लेकर आक्रोश है और ट्रैक्टर मलिक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। नगर निरीक्षक अरूण पाण्डेय ने परिजनों को आश्वासन के बाद पीएम कराया है।

## सांसद ने बिटिया का सरकारी स्कूल में कराया एडमिशन

**उमरिया, देशबन्धु।** शहडोल लोकसभा की सांसद हिमाद्री सिंह ने एक ऐसा ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में जोरशोर से हो रही है। उन्होंने अपनी बेटी गिरीशा नंदिनी का प्रवेश शासकीय प्राथमिक कन्या शाला, राजेंद्र ग्राम में कराया है। इस फैसले से न केवल क्षेत्र में जागरूकता की लहर दौड़ पड़ी है, बल्कि यह कदम सरकारी स्कूलों पर बढ़ते अविश्वास को करारा जवाब भी है।

हम सरकार में रहकर भी अगर निजी स्कूलों में करोड़ों खर्च कर पढ़ाई करवाएं, तो यह जनता के विश्वास के साथ छल होगा, सांसद ने पत्रकारों से बातचीत में साफ कहा। उन्होंने कहा कि उनका क्षेत्र आदिवासी




बाहुल्य है, जहां आज भी बेटियों की शिक्षा को लेकर संकोच किया जाता है। मैं चाहती हूं कि लोग सरकारी विद्यालयों पर भरोसा करें, और सबसे पहले यह भरोसा मुझे दिखाना चाहिए, उन्होंने भावुक होते हुए कहा।


**संदेश साफ है - बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा नहीं, व्यवहार में भी लाओ**

हिमाद्री सिंह ने यह स्पष्ट किया कि सरकारी स्कूलों की दशा तभी सुधरेगी, जब समाज के हर वर्ग से लोग इसमें सहभागिता निभाएंगे। उन्होंने यह भी अपील की कि जब माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजेंगे, तभी सरकार भी और अधिक संवेदनशील होकर संसाधनों में सुधार करेगी।

राजेंद्र ग्राम की कन्या शाला अब चर्चा का केंद्र बन गई है। जहां सांसद की बेटी पढ़ेगी, वहां के शिक्षक भी और अधिक उत्तरदायित्व महसूस कर रहे हैं। यह कदम एक नई शुरुआत का संकेत है जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही और व्यवस्था पर भरोसे की मिसाल।

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने डीआरएम बिलासपुर से की मुलाकात

**शहडोल, देशबन्धु।** रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में मजदूर कांग्रेस बिलासपुर का प्रतिनिधि मंडल ने गत दिवस डीआरएम बिलासपुर राजमल खोईवाल से मुलाकात की।



इस प्रतिनिधि मंडल में एसटी एससी बिलासपुर के महामंत्री प्रभात पासवान, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव और शहडोल शाखा सचिव बालकृष्ण बंगारी की उपस्थिति में रनिंग, इंजीनियर, आपरेटिंग व सभी विभागों के आवास समस्या पर चर्चा हुई।

रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि जो भी रेल आवास अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत गति शक्ति यूनीट द्वारा विकास कार्य हेतु खाली कराया जा रहा है व खतरनाक स्थिति में रेलवे आवास है उन्हें कंडम घोषित कर आउट आफ टर्न नए पुराने आवासों का एक साल के लिए पुल समाप्त करते हुए बिना बारी आवास आवंटित किया जाएगा, ट्रैक मेंटेनर के 12 किलोमीटर पेट्रोलिंग हेतु नियमनुसार क्षेत्र चिन्हित कर प्रथमिकता आधार पर आदेश जारी किया जाएगा, पेन्ड्रारोड़ में स्थित लाक अप डिस्पेंसरी विकल टेंडर समय समाप्त होने डाक्टर ना आने की जानकारी पर डीआरएम बिलासपुर श्री खोईवाल ने विशेष मंजूरी प्रदान करने का लाइन डाक्टर हेतु 02 माह के लिए फोरविलर की अनुमति देने कार्यवाही करने का आदेश दिया। साथ अन्य कई रेल कर्मचारियों की समस्याओं पर सार्थक चर्चा हुई।

## गांजा तस्कर को 10 साल का कारावास

**शहडोल, देशबन्धु।** माननीय विशेष न्यायाधीश (एन0डी0पी0एस0 एक्ट1), जिला शहडोल ने थाना देवलोंद जिला शहडोल के अपराध क्र0 145/23, विशेष प्र0क्र0 27/23 में आरोपीगण लद्दू उर्फ मजीद खांन, राजमन गुप्ता, रविकांत पटेल एवं राजीव पटेल को स्वा पक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 8/20 (बी)(।।)(सी) में 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा एवं 1,50,000-1,50,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में एस.के. त्रिपाठी अपर लोक अभियोजक जिला शहडोल द्वारा पैरवी की गई। संभागीय जनसम्पर्क अधिकारी श्री नवीन कुमार वर्मा ने पैरवीकर्ता अभियोजन अधिकारी एस.के. त्रिपाठी अपर लोक अभियोजक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बताया कि दिनांक 09.05.2023 को सहायक उपनिरीक्षक सुशील कुमार तिवारी हमराह स्टादफ प्र0आर0 460 भरत शुक्लाक, आर0 553 विनोद तिवारी, आर0 713 जितेन्द्रह मण्डपलोई के साथ प्राइवेट वाहन क्र0 एमपी18सी1907 के गश्ता नाकाबंदी पतासाजी जुर्म जरायम बुडवा तरफ रवाना हुआ था।

दौरान पतासाजी बंधा टोला मगरदहा तिराहा के पास समय करीब 17=50 बजे मुखबिर द्वारा कुछ लोगों के ग्राम नकुनी करौंदिया के मध्यर जंगल के पास अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा की खरीद फरोक्त करने की सूचना प्राप्तन होने पर तलाशी लेने पर वाहन क्रमांक एमपी18सीए7611 की डिक्की से एक हल्कार पीला पट्टी बने बोरे में अवैध मादक पदार्थ गांजा जैसी वस्तुए एवं वाहन क्रमांक एमपी18सीए5515 की डिक्की में एक हल्काट पीले रंग की पट्टी बनी बोरे में अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद होने पर मामला दर्ज किया गया।